# भा. कृ. अनु. प. – कें. मा, शि. सं, मुंबई द्वारा आयोजित द्वितीय मत्स्य स्वाद महोत्सव २०२३ की रिपोर्ट

Fish Festival

FISHSWAD

**20 March 2023**

भा .कृ .अनु .प – .कें .मा ,शि .सं ,मुंबई द्वारा द्वितीय मत्स्य स्वाद महोत्सव का आयोजन २०/३/२३ को किया गया। कार्यक्रम का आरंभ शाम छह बजे उद्घाटन समारोह से हुआ। इसका उद्घाटन डॉ.हिमांशु पाठक, महा निदेशक, भा.कृ. अनु.प.और सचिव, डेयर, नई दिल्ली, डॉ.जे.के.जेना, उप महानिदेशक, मत्स्य विज्ञान, डॉ.रविशंकर सी.एन., निदेशक, भा.कृ.अनु.प–.कें.मा,शि.सं, मुंबई, डॉ.एन.पी.साहू, संयुक्त निदेशक, भा.कृ.अनु.प–.कें.मा,शि.सं, मुंबई और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा किया गया । भा .कृ .अनु .प – .कें .मा ,शि .सं के विद्यार्थियों ने अपने पारंपरिक परिधानों में गणमान्य व्यक्तियों का टीका समारोह के साथ स्वागत किया।

इसके बाद भा .कृ .अनु .प – .कें .मा ,शि .सं के विद्यार्थियों एवं कर्मचारी गण द्वारा बनाये गए मछलियों के स्वादिष्ट व्यंजन पेश किए गए। आगंतुकों को मछली के भोजन के व्यंजनों की एक विस्तृत श्रृंखला का आनंद लेने का अवसर मिला।

इस आयोजन का उद्देश्य मछली की खपत को बढ़ावा देना और भारत की अर्थव्यवस्था में मत्स्य क्षेत्र के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था।



मत्स्य स्वाद महोत्सव ने बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित किया। इस उत्सव में भारत के हर राज्य की तरफ से स्टाल प्रदर्शनियाँ लगायी गयी थीं, जो भारत की विविधता को बखूबी प्रदर्शित कर रही थीं। इस महोत्सव की आयोजन सचिव डॉ. अर्पिता शर्मा ,प्रधान वैज्ञानिक और विभाग अध्यक्ष (कार्यवाहक) मत्स्य अर्थशास्त्र विस्तार और सांख्यिकी प्रभाग थीं।

डॉ.हिमांशु पाठक, महा निदेशक, भा.कृ.अनु.प.और सचिव, डेयर, नई दिल्ली, डॉ.जे.के.जेना, उप महानिदेशक, मत्स्य विज्ञान ने भा.कृ .अनु .प – .कें .मा ,शि .सं ,मुंबई द्वारा आयोजित मत्स्य स्वाद महोत्सव विशेष कर के स्नातकोत्तर स्कूल छात्र संघ (पी.जी.एस.एस.यू.(, विद्यार्थियों और स्टाफ मेंटरों की सराहना की। भारत के सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए इतने बड़े पैमाने पर इस महोत्सव का आयोजन सफलता से किया गया।